तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 8 मई 2024

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4
खेत में बिखरे दिखे आधा दर्जन गौवंशों के शव, मची सनसनी



## खबर संक्षेप

### पिता के दशकर्म से पहले पुत्र ने किया मतदान



रायगढ़। ग्राम कोंडपाली निवासी दृष्टि गुप्ता का देहांत पिछले दिनों हुआ है। 07 मई को उनका दशकर्म था। पूरा परिवार इस समय शोक संतप्त है। लेकिन इस बीच वे सभी अपने दायित्व को पूरा करना नही भूले। घर में चल रहे पिता के दशकर्म के बीच उनके बेटे परमेश्वर गुप्ता ने पूरे परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला और एक अनुकरणीय मिसाल सबके सामने पेश की है।शोक संतप्त एक परिवार ने अपना दायित्व निभाते हुए लोकतंत्र की मजबूती में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

### फर्स्ट टाइम वोटर्स में दिखा उत्साह



रायगढ़। 18-19 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 52 हजार 916 है। लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के फर्स्ट टाइम वोटर्स में काफी उत्साह देखने को मिला। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी संख्या में फर्स्ट टाइम वोटर्स ने मतदान किया। पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले रोजगार व स्वरोजगार के मुद्दे पर वोट किया। मताधिकार का प्रयोग करने के बाद इस पल को यादगार बनाने के लिए फर्स्ट टाइम वोटर्स ने सेल्फी पाइंट में सेल्फी भी ली।

### वोटिंग का फर्ज निभाने महिलाएं रहीं आगे



रायगढ़। जिले में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को हुई वोटिंग में महिलाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया। शहर से लेकर गांव तक अपने मताधिकार का उपयोग करने में आगे रहीं। अधिकतर मतदान केन्द्रों में महिलाओं की संख्या पुरूषों से अधिक नजर आई।

### मतदान केन्द्र पर पेयजल के साथ नींबू पानी



रायगढ़। भीषण गर्मी को देखते हुए समस्त मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल के साथ ही नींबू पानी और ओआरएस घोल सहित कूलर की व्यवस्था की गई थी। इसके ही मतदाताओं की भीड़ व बुजुर्ग मतदाताओं का ध्यान रखते हुए वेटिंग के लिए भी कक्ष व जगह की व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाता अपनी पारी का इंतजार कर सकें। वहीं बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्काउड गाइड व मतदाता मित्र को तैनात किया गया था जो जरूरतमंद मतदाताओं की सहायता करते नजर आए।

### वोट देने रायपुर से आए आयुष



रायगढ़। शहर के आयुष द्विवेदी अभी रायपुर में रहते हैं। वो एक पेशेवर गिटारिस्ट और म्यूजिक कंपोजर हैं। वो लोकसभा निर्वाचन में वोट डालने अपने घर वापस पहुंचे। सुबह परिवार के साथ मतदान केंद्र जाकर वोट डाला। उन्होंने कहा कि जिस इनफ्लिंस गिटार बजाते हैं उस पर नीली स्याही लगवानी थी। यह स्याही गवाह है कि लोकतंत्र के इस महोत्सव में मेरा भी योगदान है। आयुष के माता पिता ने कहा कि हमारा बेटा अपना काम छोड़ कर वोट डालने आया। युवा जागरूक हो रहे हैं, अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं। यह देखकर अच्छा लगता है। आयुष ने दूसरों से भी मतदान की अपील की है।

महायज्ञ में आहूति देने हर कोई रहा उत्सुक

## लोकसभा चुनाव: मतदान केन्द्रों में नजर आया लोकतंत्र का अलग-अलग रंग

# उत्साह और उमंग का संगम, हर वर्ग बना भागीदार



### उमेश ने मां, भाभी और पत्नी के साथ किया मतदान

पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने अपनी मां, पत्नी और भाभी के साथ नंदेली के मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान के बाद श्री पटेल बेहद उत्साहित दिखे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई और बीजेपी को निशाने पर लेते हुए कहा कि बीजेपी मोदी की गारंटी की बात करती है लेकिन उनके घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। दो फेस के मतदान के बाद बीजेपी के समर्थन में कमी आई है जबकि तीसरे फेस के बाद उनकी सीट 150 से 200 तक की सीमित में हो सकती है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले कई चुनावों से बेहतर होगा। इस बार वोटर्स बदलाव के मूड में हैं। कांग्रेस के पक्ष में माहौल दिख रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर 7 मई को शहर समेत जिले भर के मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के अलग अलग रंग देखने का मिले हर कोई इस महायज्ञ में अपनी आहूति देने के लिए उत्सुक नजर आया।

पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आई। आम और खास सभी ने कतार में लगकर इसमें भागीदारी दी। महिलाएं पारंपरिक और आधुनिक परिधानों के साथ वोटिंग करने पहुंची। मतदान के लिए कोई व्हीलचेयर पर तो कोई दशकर्म का कार्यक्रम छोड़कर पहुंचा था। सेल्फी पाइंट पर लोगों ने मतदान के बाद तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी की। गर्मी और उमस के बीच रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार फिर से रिकार्ड मतदान ने नया रिकार्ड बनाया है। शाम 5 बजे तक रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में लगभग 76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है और सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान धरमजयगढ़ विधानसभा में 81.76 प्रतिशत दर्ज किया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी डा. मेनका देवी सिंह सारंगढ़ से आती है वहां शाम 5 बजे तक 70 फीसद मतदान रिकार्ड किया गया, जबकि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आने वाले राधेश्याम राठिया के इलाके में सर्वाधिक मतदान हुआ है। इतना ही नही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विधानसभा में लगभग 77 प्रतिशत मतदान होनें से इस बार भाजपा की जीत का आंकडा बढ़ सकता है।



### पूर्व विधायक ने किया मतदान

पूर्व नगर विधायक प्रकाश नायक ने मंगलवार को शहर के कोतरा रोड स्थित पोलिंग बूथ पर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा नायक के साथ वोट डाला। पूर्व विधायक ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए आमजन से मतदान जरुरी तौर पर करने की अपील की।



### मेनका ने बहन और बेटी के साथ मतदान किया

कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती मेनका सिंह ने अपनी बहन व पूर्व सांसद पुष्पादेवी, पति डा.परिवेश मिश्रा व बेटी कुलिषा के साथ सारंगढ़ में मतदान किया और इस दौरान उन्होंने रायगढ़ लोकसभा में परिवर्तन की लहर होने की बात कही। मेनका ने सभी नागिरकों से मतदान के अधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आव्हान किया।

### ओपी ने किया मतदान, दोहराया 4 सौ पार का नारा



रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने देश के महापर्व लोकसभा चुनाव में अपने कर्तव्यों एवं निष्ठा का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने मत का प्रयोग किया । ओपी ने कहा कि बीते दस वर्षों में जनता ने दो विश्वास भाजपा और सीएम मोदी पर दिखाया उससे आज दुनिया भर में भारत की पहचान बदली है। देश से भ्रष्टाचार और राष्ट्र एकता को छोड़े वाली ताकतें हाशिये पर पंहुच गई है। ओपी चौधरी ने कहा कि आम जनता का भरोसा मोदी सरकार पर बढा है और इस बार भी देश में भाजपा पिछले सभी रिकार्ड तोडते हुए सरकार बनाने था रही है। वित्त मंत्री ने आम जन से इस महापर्व में देश के विकास, देश की उन्नति, देश की निष्ठा में भागीदार बनने की अपील की।

### चुनाव के दौरान लैलूंगा विधायक विद्यावती का स्वास्थ्य बिगड़ा



रायगढ़ जिले के लैलूँगा विधायक विद्यावती सिदार की तबियत दोपहर में अचानक खराब हो गयी। उन्हें आनन फानन में असपताल में भर्ती कराया है। लैलूँगा विधायक ने स्वयं की फेसबुक आईडी से अस्पताल में ईलाज कराते तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है। उन्होंने स्वयं की तस्वीर के साथ यह लिखकर भी पोस्ट किया है कि आज के सारे कार्यक्रम स्थगित किये जाते हैं। विधायक का पोस्ट सोशल मीडिया में अपतनस होते हो विधायक समर्थको ने कमेंट बॉक्स में जाकर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं।



### कलेक्टर व एसपी ने मतदान के बाद ली सेल्फी

जिले के कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल ने सुबह बालमंदिर मतदान केन्द्र में सहज आम वोटर्स की तरह लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किये जिसके बाद उन्होंने सेल्फी पाइंट में अमिट स्याही लगी तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर कर लोगों को घरों से निकलकर मतदान करने का संदेश दिया।



### भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम ने कतार में लगकर किया मतदान

रायगढ़ लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपनी पत्नी और माता के साथ घरघोड़ा के छर्राटांगर प्राथमिक शाला के मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट डाला और आम जनता से मतदान की अपील की। इसके पहले आदिवासी रीतिरिवाज के मुताबिक राधेश्याम ने सहपत्नी पूजा पाठकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने के इरादे के साथ घर से निकले और माता तिल कुंवर राठिया, पत्नी निद्रावती व भाभी हेमवती राठिया के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे।



### सारंगढ़ कलेक्टर एसपी व पालिका सीएमओ ने किया मतदान

मतदान दिवस पर 7 मई को कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने सारंगढ़ नगरपालिका विद्यालय सारंगढ़ में अपना मतदान किया। इसी प्रकार स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में अपना मतदान किया। मतदान के बाद कलेक्टर साहू ने सेल्फी जोन में अपना तस्वीर खिंचवाया। तदान के समय एआरओ सह एसडीएम वासु जैन, सीएमओ राजेश पांडेय के अलावा अन्य मतदाता और मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

### जीत के लिए चाहिए 49 फीसद वोट

रायगढ़ सीट पर 1991 से अब तक आठ आम चुनावों में केवल तीन ही बार ऐसा हुआ है जब विजयी प्रत्याशी को डाले गए मतों में से 50 प्रश से अधिक वोट मिले। 1991 में कांग्रेस, 2004 व 2014 में भाजपा प्रत्याशी को 50 प्रश से ज्यादा मत हासिल हुए थे। अगर पिछले पांच चुनावों का औसत निकाला जाए तो 48.50 प्रश वोट मिलने पर जीत पक्की होगी। मतलब डाले गए मतों में से इतने मिलने पर जीत हासिल हो जाएगी। कुल मतदाताओं में से 38 प्रश वोट मिल जाएं तो भी यह हो सकता है। 2019 में भाजपा की गोमती साय को डाले गए वोटों में से 48.74 प्रश और कुल मतों में से 37.97 प्रश वोट मिले थे। कुल 6,58,335 वोट पाकर गोमती साय 66 हजार मतों से जीत गई थी।

### व्हीलचेयर पर वोट डालने पहुंचे पटवा

जिला कोषालय के सेवानिवृत्त लेखापाल जगदीश प्रसाद पटवा ने 87 साल की उम्र में दाहिने पैर के पंजे में फ्रैक्चर होने के बाद भी वार्ड क्रमांक 13 स्थित केवड़ा बाड़ी मतदान केंद्र में व्हील चेयर में बैठकर वोट डालते हुए जागरूकता का परिचय दिया



### ईया वोट ते मतैं सोचें मेरा वोट मेरा भविष्य

रायगढ़ के कचकोबा में बिरहोर मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान और सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेकर लोगों को मतदान हेतु किए प्रेरित। दिव्यांग तपन चौहान के हौसले को सलाम, उन्होंने मतदान कर अपना फर्ज निभाकर दूसरों के लिए मिसाल कायम की है



### घायल मतदाताओं को भेजा अस्पताल

रायगढ़ लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति डालने से विजय और बसंत बिरहोर को सड़क दुर्घटना भी नही रोक सकी। दरअसल 05 मई को एक दुर्घटना में तमनार ब्लॉक के कचकोबा गांव में रहने वाले विजय के पैर और कमर में चोट थी। जिससे उन्हें चलने फिरने में तकलीफ है।



### युवा वोटरों का रुझान बीजेपी की तरफ

रायगढ़ सीट पर 2019 में भाजपा की जीत में 66 हजार का अंतर था। तब युवाओं के ज्यादातर वोट भाजपा को मिले थे। इसके बाद 20 से 29 आयुवर्ग के 4,20,892 वोटर हैं। इस तरह 18.29 आयुवर्ग के युवा वोटरों की संख्या करीब 4.76 लाख हो रही है। रायगढ़ सीट पर कुल वोटरों का करीब 25 प्रश यही हैं। इसमें 30.39 उम्र के वोटरों को मिला दिया जाए तो लोकसभा क्षेत्र के तमाम युवा इसमें आ जाएंगे। इस आयुवर्ग के 5,41,906 मतदाता हैं। इस तरह रायगढ़ लोकसभा सीट पर सिर्फ युवा वोटरों की संख्या 10 लाख से अधिक हो जाएगी। कुल मतदाता संख्या 18,38,547 है।

### 100 वर्षीय बुनकी बाई ने किया मतदान



रायगढ़ जिले भर में सभी वर्ग के मतदाता मतदान करने अपने केन्द्रों में पहुंच रहे है। वहीं वरिष्ठ मतदाता भी मतदान करने में पीछे नहीं है। इसी क्रम में पुसौर के ग्राम लोहाखान निवासी 100 वर्षीय बुनकी बाई ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना अमूल्य वोट दिया। इस अवसर पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

### 93 वर्षीय बद्रीशंकर ने पैदल चलकर डाला वोट



शहर के सत्तीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र में 93 बरस के बद्रीशंकर मुखर्जी अपने बेटे देबू मुखर्जी के साथ पहुंचे और उन्होंने पैदल चलकर वोट डालते हुए राष्ट्रहित में जागरूकता की मिसाल कायम की। खास बात यह है कि 1933 में जन्म लेने वाले बद्रीशंकर मुखर्जी 1952 में प्रथम चुनाव से वोट देते हुए आज भी दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करते हैं।

## मतदान देकर युवा व बुजुर्ग अपनी तस्वीर कैद कर बना रहे यादगार

# सेल्फी जोन: कई आकर्षक थीमों पर सजे मतदान केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। स्वयं कलेक्टर ने सेल्फी जोन में अपना तस्वीर खिंचवाया। इन केंद्रों में विशेष तौर पर सजावट की गई है। मतदान देकर युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर कैद कर रहे हैं और इस बार की गई मतदान को यादगार बना रहे हैं।

कई आदर्श मतदान केंद्रों को गुब्बारे से सजाया गया है जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा युवा मतदान केन्द्र, बांसउरकुली को क्रिकेट थीम के आधार पर सजाया गया हैए संगवारी मतदान केंद्र पेंड्रावन एवं मतदान केन्द्र चांटीपाली में गोमर्डा अभ्यारण्य के थीम पर सेल्फी जोन बनाया गया है एवं मतदान केन्द्र को सजाया गया है बरमकेला विकासखंड अंतर्गत आदर्श




मतदान केंद्र देवगांव को इकोग्रीन थीम पर सजाया गया है। ये सभी मतदान केन्द्र लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हैंए लोग उत्साहित होकर इन मतदान केन्द्रों में बने सेल्फी जोन में तस्वीर लेकर उत्साह से लोकतंत्र के इस पर्व में अपना योगदान दे रहे हैं। इसी तरह सभी मतदान केन्द्रों में मतदान मित्र स्काउट गाइड एनएसएस के सदस्य भी वरिष्ठजनों का दिव्यांग मतदाताओं का भरपूर सहयोग कर रहे हैं, साथ ही मतदान केंद्र में दिव्यांगों के आने जाने के लिए कहीं व्हीलचेयर की व्यवस्था है तो कहीं दिव्यांग रथ नामक ई.रिक्शा की भी व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर तिलक और आरती लगाकर भी मतदाताओं का स्वागत किया जा रहा है। इसके साथ ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए मटके के पानी की व्यवस्था की गई है एवं मेडिकल टीम ओआरएस एवं अन्य जरूरी दवाईयों एवं मेडिकल किट भी रखा गया।

### शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत

रायगढ़ लोकसभा 75.84 प्रतिशत

| विधानसभावार | आंकड़े |
|---|---|
| धरमजयगढ़ | 81.76 प्रतिशत |
| लैलूंगा | 80.89 प्रतिशत |
| खरसिया | 79.97 प्रतिशत |
| रायगढ़ | 71.67 प्रतिशत |
| जशपुर | 72.55 प्रतिशत |
| कुनकुरी | 76.14 प्रतिशत |
| पत्थलगांव | 75.65 प्रतिशत |
| सारंगढ़ | 70.79 प्रतिशत |

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

रायगढ़ के गेजामुड़ा मतदान केन्द्र में तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया। जिसमें दादा गुलमणी नायक और पिता गेसराम नायक के साथ पहुंचकर सनत नायक ने अपना वोट डालकर मतदान का फर्ज निभाया।




### मतदाता होने का गर्व महसूस करें

गौशाला पारा रायगढ़ निवासी 83 वर्षीय श्रीमती डेनियल ने मतदान केंद्र क्रमांक 44 सामुदायिक भवन में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैने तो मतदान कर देश के प्रति अपना फर्ज निभाया है। आप सभी लोग भी मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदाता होने का गर्व महसूस करें। क्योंकि यह लोकतंत्र का उत्सव है।

## खबर संक्षेप



### सेल्फी जोन में कोरवाओं ने भी लिया सेल्फी

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के बाद सभी वर्गो के लोग सेल्फी जोन में जाकर सेल्फियॉ ले रहे हैं और सल्फीयों को सोशल मीडिया में टैग करते हुए मेरा वोट, मेरी ताकत, मैने भी मतदान किया, अब आपकी बारी जैसे संदेश लिखकर पोस्ट कर रहे हैं। सुबह से ही सोशल मीडिया में इस प्रकार की तस्वीरें लगातार आ रही है। अब पहाड़ी कोरवा मतदाता भी सेल्फी लेने में दिलचस्पी ले रहे हैं। मतदान केन्द्र कादोपानी में 62 वर्षीय पहाड़ी कोरवा सागुराम अमिट स्याही लगी अंगुली दिखाकर सेल्फी ले रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में 48 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला समरी बाई भी सेल्फी लेती हुई दिखाई दे रही है।

### नव दंपति जोड़े पहुंचे मतदान केन्द्र

**जशपुरनगर।** जशपुर विधानसभा के विकासखण्ड मनोरा में बनाए गए मतदान केन्द्र माडो पहुंचकर



नव दंपति जोड़े योगेश खाखा पत्नी करिश्मा खाखा के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद उन्होंने सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली और सभी को मतदान कराने का संदेश दिया।मरियमटोली माडो के रहने वाले योगेश खाखा 27 वर्ष के है, जबकि उनकी पत्नी करिश्मा 24 वर्ष की है। दोनों का विवाह हाल ही में हुआ है। उन्होंने बताया कि विवाह के बाद उन्होंने पहली बार मतदान किया है। अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट देकर वे बेहद खुश है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपना वोट देना चाहिए। विकास और बेहतर समाज के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चयन आवश्यक है जो मतदान के जरिये किया जा सकता है।

### मतदान के बीच शाम को अंधड़ के साथ झमाझम बारिश

**जशपुरनगर।** लोक तन्त्र के महा पर्व में लोकसभा चुनाव के दौरान शाम चार बजे से तेज अंधड़ के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। साथ ही छोटे छोटे ओले भी गिरे। मौसम में सुबह से ही बादलों की आंख मिचौली चल रही थी। बदली के कारण तापमान में नरमी दिख रहीं थी। शाम 4 बजे से तेज अंधड़ शुरु हो गया फिर थोड़ी देर में झमाझम बारिश होने लगी। पानी की बूंदों के साथ साथ छोटे छोटे ओले भी गिरने लगे थे। ऐसे समय झमाझम बारिश होने से मतदान के प्रतिशत में कमी आने की संभावना है।

### मेडिकल कॉलेज के बाउंसर पर मारपीट का आरोप

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों सहित डॉक्टर व चिकित्सा स्टाफ की सुरक्षा के लिए सालाना 1 करोड़ के ठेके पर कामथेन सिक्योरिटी एजेंसी को नियोजित किया गया है। एजेंसी ने वर्दीधारी गार्डो के साथ ही अलग से महिला व पुरूष बाउंसरों की तैनाती की है। लेकिन बाउंसर अस्पताल में खुद धात लगा रहे हैं और ड्यूटी करते हुए वहां मरीजों से मिलने या देखरेख के लिए पहुंचे परिजनों से बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगा है। बाउंसरों के इस तरह दबंगाई से अस्पताल परिसर में पहुंचने वाले लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। मामले के बाद अस्पताल प्रबंधन भी इस बाउंसरों द्वारा की गई इस कृत्य को लेकर हतप्रद हैं।

### मकान से नकदी की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड शांति नगर निवासी दीपधर चंद्रा बालको संयंत्र में आपरेटर का काम करता है। 29 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे अपने परिवार के साथ दीपधर चांपा गया था। 30 अप्रैल की सुबह लगभग 8:30 बजे वह अपने घर हाउसिंग बोर्ड शांतिनगर आया तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे आलमारी में रखे नगदी रकम लगभग 65 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।



विशेष रूप से सजाया गया था मतदान केंद्र बगिया।




बुजुर्गो के लिए सरकार ने की थी मतदान रथ की व्यवस्था।




पत्थलगांव के मतदान केंद्र में लगी लंबी लाइन।

### मतदाताओं में भारी उत्साह, मतदान करने लगी लंबी-लंबी लाइन, केन्द्रों में किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# 102 वर्षीय मझियो ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल सेल्फी जोन में ।




मतदान के बाद चिन्ह दिखाते एसपी।




जिपं सीईओ ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 100 वर्षीय पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़िया व 95 वर्षीय महिला सुबासो बाई ने भी किया मतदान

जिले के तीनों विधान सभा में प्रातः 7 बजे से ही मतदान प्रारंभ हो गया था। सबेरे 100 साल के बुजुर्ग पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़यिा एनएसएस छात्र-छात्रों के साथ मतदान केन्द्र भितघरा पहंचे और मतदान किया। ऐसी ही तस्वीर मतदान केन्द्र पण्डरीपानी से आई है। जिसमें 95 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला सुबासो मतदान करने पहुंची। तस्वीर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक छात्राएं उन्हें व्हील चेयर पर ले जाती हुई दिखाई पड़ रही है। बुजुर्ग महिलाओं में वोट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वोट डालने के लिए 85 वर्षीय बसंती चौहान मतदान केन्द्र पण्डरीपानी पहुंची। मतदान केन्द्र भितघरा में 102 वर्ष की बुजुर्ग महिला मझियों नाग ने भी अपने मत का प्रयोग किया। मतदान करने आए इन बुजुर्गो का कहना है कि यह उनका कर्तव्य नहीं बल्कि उनका धर्म है। इसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। जब तक वे जीवित है इसका पालन करते रहेगें। उनका कहना है कि एक वोट भी निर्णायक हो सकता है। इसलिए समाज के हित के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



### सीएम साय ने गृह ग्राम बगिया में परिवार सहित किया मतदान

जशपुरनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को अपने गृह ग्राम बगिया के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में परिवार सहित मतदान किया। मतदान के लिए श्री साय,उनकी मां जसमनी साय, पत्नी कौशल्या साय, बेटा तोशेंद्र साय, बेटी स्मृति साय, बहु राजकुमारी साय सहित पूरे परिवार ने लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार कर मतदान किया। मतदान के बाद सीएम साय ने कहा कि जन-जन में मोदी और भाजपा के प्रति उत्साह है। आगामी 4 जून को 400 पार होगा और प्रदेश की सभी 11 सीटें हम जीत रहे हैं। सीएम श्री साय ने कहा कि जनता बीजेपी का काम सामने रखकर मतदान की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नई दिशा और दशा प्राप्त कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। इसी का परिणाम है कि इस लोक सभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### मतदान केन्द्र में निकला कोबरा आधे घण्टे तक मतदान प्रभावित

**कोतबा।** नागलोक के नाम से मशहूर फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गंझियाडीह माध्यमिक शाला के मतदान केन्द्र क्रमांक 209 में सुबह 10:30 बजे अचानक कोबरा सांप निकल गया। मतदान केन्द्र के बाहर इधर उधर घूमते देख मतदाता डर गए सांप निकलने की बात गाँव मे आग की तरह फैल गई। मतदान प्रभावित होने की स्थिति देख जागरूक ग्रामीण शिवकुमार साय ने स्नैक रेस्क्यू करने कोतबा के मयंक शर्मा को सूचना देकर बुलाया। सांप निकलने से मतदान प्रभावित होने की सूचना मिलते मयंक शर्मा तत्काल मतदान केन्द्र पहुँच कर काफी जदोजहद के बाद कोबरा को डब्बे में बंद कर सफल रेस्क्यू कर आम्बाकछार के जंगल में सांप को सुरक्षित छोड़ दिया।

### मधुमक्खी के हमले से घायल लोगों से मिलने पहुंची विधायक

**जशपुर।** मधुमक्खी के हमले से घायल लोगों से मिलने विधायक जिला चिकित्सालय पहुंची। यहां घायलों का हाल जान समुचित स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन उन्होंने दिया है। आरा के हाई स्कूल में मतदान के दौरान मतदाताओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था,जिसमें 8 ग्रामीण घायल हो गए थे,सभी घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंची और घायलों का हाल जान चिकित्सकों को तत्काल समुचित उपचार का निर्देश दिया। घायलों से चर्चा करते विधायक ने कहा कि वे किसी भी बात की चिंता न करें। उपचार में हर संभव मदद किया जाएगा।

### पारंपारिक परिधान में मतदान करने बगिया पहुंची महिलाएं

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के तीनों विधानसभा में पांच-पांच आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विधानसभा कुनकुरी के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 45 बगिया में पारंपारिक परिधान में महिलाओं का समूह मतदान करने पहुंचीं। आदर्श मतदान केन्द्र बगिया में निर्वाचन आयोग के द्वारा खास सजावट की गई थी। । मतदान केन्द्र बगिया का प्रवेश द्वार बांस से बने टोकनी, पंखे आदि से बनाया गया था। प्रवेश द्वार पर मोर पंख से सजावट की गई थी। मतदान करने के पश्चात सेल्फी के लिए बनाए गए सेल्फी जोन भी मोहक लग रहे थे। ढोल, सूपा, मयूर पंख, बांस से बनी आकृतियों से बनाए गए सेल्फी जोन में मतदाताओं के द्वारा मतदान करने के बाद सेल्फियॉ ली जा रही थी।



अपने मताधिकार का प्रयोग करती महिला।



मतदान पश्चात 100 वर्षीय मतदाता तेजन राम।



दिव्यांग केशव यादव ने भी किया मतदान।

### केबल वायर की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस कालोनी में निवास करने वाले सतीश कुमार साहू पाम माल में जूनियर इंजीनियर का कार्य करता है। सतीश के द्वारा 2 मई को एक्जास्ट को चेक किया जा रहा था तो उसे पता चला कि केबल को काटा और खोला गया है। जांच के पश्चात ज्ञात हुआ कि पाम माल छत से 35 मीटर कापर केबल चोरी हो गया है और पम्प श्रम से कट पीस केबल भी चोरी गया है। चोरी गए सामान की कुल कीमल लगभग 47 से 48 हजार रूपये है। घटना की जांच के दौरान नाईट सिप्ट में काम करने वाले कर्मचारी कटईनार बांकीमोंगरा निवासी गुरपेश प्रताप सिंह उम्र 39 साल पिता मनिराम से पूछताछ करने पर उसके द्वारा केबल वायर व कटपीस सामान को चोरी कर विगत दो ढाई माह से धीरे धीरे ले जाना बताया गया। सतीश की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुरपेश के विरुद्ध धारा 381 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## अनारक्षित टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड की सुविधा देने की कवायद

**कोरबा।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को टिकट के लिए लाइन लगने की परेशानी से निजाद दिलाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान करने के साथ ही आनरक्षित टिकट काउंटर में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराने की कवायद बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों में शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में टिकट काउंटरों से अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों को चिल्हर की समस्या से निजाद दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन के टिकट काउंटर पर टिकटों के भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा प्रायोगिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

### तीनों विधानसभा में चल रहे गतिविधियों पर रही निरंतर निगरानी

# कलेक्टर व सीईओ ने कंट्रोल एवं कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए जिला कंट्रोल एवं कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू से संचालन के लिए जिला कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर तैयार किया गया है एवं शिकायतों के निवारण के लिए कंट्रोल रूम तैयार किया गया है।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले के तीनों विधानसभा जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के लिए वोटिंग टर्न आउट सेक्शन, मीडिया कमांड सेंटर वेब कास्टिंग तथा तथा शिकायत माउंटेनिंग कक्ष का निरीक्षण किया। जिसमें जिले के तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग




लगभग अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने वेब कास्टिंग, मीडिया कमांड सेंटर एवं वोटिंग टर्न आउट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों से किए एवं निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने जिला कंट्रोल एवं कमांड सेंटर में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर मॉनिटरिंग कर रहें है उन्होंने बताया कि मतदान केन्दों में मॉक पोल की प्राक्रिया पूर्ण कर मतदान प्रारंभ किया जा चुका है।


### रासेयो व स्काउट गाइड के वालंटियर्स ने किया मदद



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट गाईड वालंटियर्स मतदान केंद्रों में बुजुर्ग मतदाताओं की मतदान करने में सहायता कर रहे हैं। तस्वीर में कुनकुरी विधानसभा के टांगरटोली मतदान केंद्र क्रमांक 131 में बुजुर्ग मतदाता की सहायता करते एन.एस.एस. के स्वयंसेवक देखे जा सकते है। एक और तस्वीर कुनकुरी से आ रही है। जिसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 134 गीधासांड में दो स्वयं सेवक बच्चियां बुजुर्ग महिला मतदाता की सहायता करती हुई दिखाई दे रही हैं। मतदान केन्द्र क्रमांक 66 खारीजरिया और मतदान केन्द्रों क्रमांक 147 दुलदुला में स्काउट गाइड के द्वारा बुजुर्ग महिला मतदाता की सहायता करते हुए ऐसी ही तस्वीरें आ रही है।

### रूपाली, अंजू और अल्पना ने किया पहली बार उत्साहपूर्वक मतदान








**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से युवतियॉ उत्साह के साथ वोटिंग कर रही हैं और अपने मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में भागीदार बन रही हैं।

जशपुर विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-12 के मतदान केंद्र क्रमांक 154 केराकछार में फर्स्ट युवा वोटर अल्पना तिर्की ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। फरसाबहार के मतदान केन्द्र क्रमांक 253 और 252 में ऐसे ही युवा मतदाता 19 वर्षीय अंजू खलखो और रूपाली तिर्की ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अंजू खलखो, रूपाली तिर्की और अल्पना तिर्की ने बताया कि उन्हें अपने जीवन में पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है और वे इसको लेकर काफ़ी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि उत्साह के कारण वे प्रातः 7.30 बजे ही मतदान केंद्र पहुँच गए थे। पहली बार उन्हें अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का अवसर मिला है। उन्होंने मतदान केंद्र में बने सेल्फी जोन में अपनी उंगली में लगी अमित स्याही दिखाते हुए फोटो भी ली जिसे वे सोशल मीडिया में वायरल भी करेंगी।




## विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

लाइफ Style

# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'



हॉलीवुड मसाला



## अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।




## एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



## कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



## पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

टीवी मसाला



## सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

### टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।



## शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

### इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं।

जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

## 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



*नई दिल्ली। वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाईं, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।*

### अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

# ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।

अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।



### बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है।



साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

## खबर संक्षेप



### महिला मंडल ने बस स्टैण्ड में किया शीतल पेय का वितरण

**रायगढ़।** जैन संघटना रायगढ़ की महिला ईकाई समय समय पर जीव सेवा व जनसेवा के कार्य करती रहती है। इसी कड़ी में आज महिला मंडल ने स्थानीय केवडाबाड़ी बस स्टैंड में यात्रियों व राहगीरों को ठंडा बटर मिल्क छाछ पिलाकर उन्हें भीषण गर्मी से कुछ क्षणों के लिये राहत पहुंचाई। आज के इस सेवा कार्य में जयंती सेठिया, श्वेता शाह, रीटा जैन, निशा मेहता, सारिका जैन, नूतन जैन, विजया सेठिया, भावना सेठिया, सविता चौरड़िया, अल्पना गांधी, अपूर्व जैन एवं आशीष पंचाल शामिल रहे। व्यवस्था के संचालन में गंगा स्वीट्स के पारसमल सेठिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### फांसी लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना और चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी दो युवकों ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार करते हुए मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत किरोड़ीमलनगर निवासी नवल दास महंत पिता शांतिदास महंत उम्र 40 वर्ष ट्रक चालक का काम करता था। वह मूलतः बाराद्वार के ग्राम सरहर का रहने वाला था। बीती रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरा मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जहां ग्राम लोइंग निवासी अनिल प्रधान पिता संदीप प्रधान उम्र 38 वर्ष ने भी अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### अनियंत्रित बाइक से गिरे एक की मौत, एक घायल

**रायगढ़।** चंद्रपुर थाना क्षेत्र निवासी अधेड़ की मौत बाइक से गिरने से हो गई, वहीं बाइक में सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लाटेसरा निवासी छोटू आडिल पिता गुड्डू आडिल उम्र 55 आने भतीजे छन्नीलाल के साथ ग्राम सपोस से रविवार की शाम को लौट रहा था। इसी बीच राइस मिल के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में दो घायल गए। छोटू आडिल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे डभरा से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं उसका भतीजा छन्नीलाल का उपचार चल रहा है।

### रेलवे की चोरी गई संपत्ति के साथ पकड़ा गया वृद्ध

**रायगढ।** आरपीएफ ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रायगढ़ खरसिया मार्ग पर स्थित ग्राम मौहापाली में कबाड़ दुकान से बोरी में रखी रेलवे की सम्पत्ति के साथ एक 69 वर्षीय वृद्ध को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बरामद किए गई रेलवे संपत्ति को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में आरपीएफ रायगढ़ पोस्ट प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मौहापाली में कबाड़ दुकान का संचालक रेलवे से चोरी किए गए कुछ लोहे के सामानों को रखा है। ऐसे में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक अखिल सिंह सहित बल ने मौके पर पहुंच कर छापेमार कार्रवाई की। कबाड़ दुकान की जांच के दौरान वहां स्थित एक प्लास्टिक की बोरी में 2 नग फिश प्लेट तथा 25 नग पेंड्रोल बरामद किया गया। पूछताछ में दुकान संचालक ने अपना नाम धनसिंह पिता हीरालाल उम्र 69 वर्ष निवासी ग्राम छतौना मालखरौदा बताया। आरोपी के कब्जे से रेलवे संपत्ति जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ रेलवे अवैध कब्जा अधिनियम की धारा 3 ए के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया गया है।



## दूषित अनाज खाने से मौत होने की आशंका

# खेत में बिखरे दिखे आधा दर्जन गौवंशों के शव, मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बीते 5 मई को सारंगढ़ नगर पालिका वार्ड क्रमांक 3 टेंगना पाली के खेतों में आधा दर्जन से भी अधिक गायों के शव इधर उधर बिखरे पड़े मिले जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नगर पालिका को जानकारी देने पर उनके कर्मचारी और जेसीबी के द्वारा महज एक सांड के शव को उठाया गया बाकी गाय के शव कहां गये उसकी कोई सुध नहीं।

मीडिया को उक्त जानकारी लगने पर उन्होंने तुरंत सीएमओ को जानकारी दी सीएमओ ने बताया की कर्मचारी गए थे और एक सांड के शव को जेसीबी से उठाएं हैं जबकि वहां आधा दर्जन से भी अधिक गाय मरी पड़ी थी। हद तो तब हो गई जब संबंधित अधिकारी को ऑन द स्पॉट में जहरीला चावल मरी हुई गाय दिखाई परंतु शव उठाने के अलावा कार्रवाई नहीं के बराबर थी शायद मामले को चंद अधिकारी दबाना चाहते हो और दूसरे दिन फिर वहां गायों की शव दिखाई दी अगर समय रहते प्रशासन अलर्ट होता तो दूसरे दिन और गायों की मृत्यु नहीं होती। अंततः मीडिया ने सारंगढ़ एसडीएम को उक्त खबरों और वीडियो फोटो से अवगत कराया। वैसे तो खाद्य विभाग की नजर अंदाजगी साफ नजर आती है सारंगढ़ में कई नए राइस मिलरो के खुलने और उसके पीछे चल रहे लेनदेन के बड़े व्यापार के बीच खाद्य विभाग की भूमिका पर सवालिया निशान उठ रहा है।




खेत में पड़े मृत मवेशी।

**दूसरे दिन भी गांयो की मौत का सिलसिला जारी रहा**

सारंगढ़ नगर पालिका सीएमओ राजेश पांडे को 5 मई को उक्त घटना की जानकारी दी गई, उन्होंने कर्मचारियों से पूछ कर जानकारी दी कि नगर पालिका के कर्मचारी और जेसीबी केवल वहां मरे हुए सांड को उठाए हैं बाकी गाय के शव का क्या हुआ पूछने पर वे जानकारी नहीं दे पाए और उन्होंने चुनाव कार्य की बात कही। दूसरे दिन भी गांयो की मौत का सिलसिला जारी रहा जिस पर सारंगढ़ एसडीएम को उक्त पूरी घटना की जानकारी और फोटोग्राफ भेजे गए और उन्हें सूचित किया गया। उन्होंने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की बात कही।

क्या है मामला सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ नगर पालिका वार्ड क्रमांक 3 टेंगनापाली के खेत में आधा दर्जन से भी अधिक गायों के शव इधर उधर बिखरे पड़े थे, वहां के रहवासियों, किसानों से पूछने पर उन्होंने बताया कि पास में राइस मिल है जहां जहरीला चावल किसी ने लाकर खेतों में डाल दिया है जिसे गायों ने खा लिया, वह चावल अभी इधर उधर बिखरा है। गायों की हालत बिगड़ी तो उसे पशु चिकित्सा के अधिकारियों द्वारा उपचार किया गया मगर उन्हें नहीं बचाया जा सका, नगर पालिका के जेसीबी और कुछ स्वीपर आए थे उनके द्वारा सांड को उठाया गया और बाकी गायों को आसपास के लोग उठाकर ले गए। अब तक ना तो कोई अधिकारी ने सुध ली ना पूछताछ की ना जांच की चावल वैसा ही पड़ा रहा दूसरे दिन भी कुछ गायों ने इसका सेवन किया और उनकी मृत्यु हो गई। सारंगढ़ नगर पालिका सीएमओ को जानकारी दी गई थी मगर उन्होंने चुनाव की व्यस्तता का हवाला दिया। उन्हें बताया गया कि वहां जहरीले चावल फैली हुई है कुछ लोग बोल रहे हैं कि नजदीक के राइस मिल से किसी ने यहां लाकर यहां फेंका है। मगर नगरी प्रशासन के टालमटोल और उक्त घटना को गंभीरता से न लेने पर दूसरे दिन भी गायों की मौत का सिलसिला जारी रहा। सारंगढ़ नगर पालिका हमेशा से शहर में खानापूर्ति का कार्य करता आ रहा हैए इस प्रशासन ने पशुता और मानवता दोनों को खत्म करके रख दिया है। वैसे भी सारंगढ़ नगर पालिका में कोई जिए मरे, गंदगी फैली रहे, दुर्घटना होती रहे, सड़के उखड़ी रहे, पानी की त्राहिमाम मची रहे, शहर में जमीनों में कब्जा होते रहे, कर्मचारी का रोना रोकर अधिकारी पतली गली निकाल लेते हैं। आधा दर्जन गायों की अकाल मृत्यु की सूचना देने पर भी विभाग ने उक्त घटना की शुध नहीं ली या किसी प्रकार की दोषियों पर कार्यवाही या जांच नहीं की।

# सारंगढ़ के अभिषेक हत्याकांड में पीड़ित परिवार को जान से मारने की मिल रही धमकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ नगर में दो माह पूर्व 15 मार्च को हुए अभिषेक हत्याकांड में फिर एक बार पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार घर पर हाथ से लिखा हुआ पर्चा फेक कर दहशत फैलाने की कोशिश हुई हे। दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री अरूण साव से इस मामले मे विशेष जांच की मांग परिजनों से किया था जिस पर आरोपी के साथ साथ संदेही उनके सहयोगियो पर भी कार्यवाही का आश्वासन मिला था। किन्तु जिस प्रकार से आज हाथ से लिखा हुआ पर्चा फेककर पिड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दिया गया है उससे सारंगढ़ में असामाजिक तत्वो के बुलंद होसलो का पता चल रहा है। पिड़ित परिवार ने तुरंत ही पूरे मामले की जानकारी सारंगढ़ पुलिस कप्तान को प्रदान किया है।

■ धमकी भरा पत्र मिलने के बाद पीड़ित का परिवार दहशत में

नया जिला बना सारंगढ़ में कानून ओर व्यवस्था पर लगातार ऊंगली उठ रही है। 15 मार्च को अभिषेक केशरवानी की चाकू मारकर हत्या करना ओर 13 अप्रैल को कृष्णा आदित्य की चाकू मारकर हत्या करने के घटना होने के बाद सारंगढ़ में दहशत का माहोल व्याप्त था। वही बढ़ते अपराधो को लेकर 18 अप्रैल को सारंगढ़ बंद भी किया गया है। वही वित्त मंत्री ओपी चौधरी और उपमुख्यमंत्री अरूण साव के द्वारा पुलिस कप्तान को अभिषेक हत्याकांड में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के सहयोगियो पर भी कार्यवाही करने का निर्देश देने के बाद पीड़ित परिवार को न्याय की आस जगी थी किन्तु दो दिन पूर्व शाम 7 बजे छोटे मठ पारा स्थित पिड़ित परिवार के निवास स्थान में हाथ से लिखा हुआ एक पर्चा फेका गया जिसमे लिखा है कि अपने बड़े भाई अभिषेक हत्याकांड में ज्यादा दिमाग मत लगाओ और चुपचाप रहो अन्यथा घर से एक लाश ओर निकलेगी। इसके अलावा पिडित परिवार को जान से मारने सहित ओर कई प्रकार से संदेश इस पत्र में लिखा है। अंग्रेजी मे लिखे इस पत्र मे हस्ताक्षर किसी का नही है। इस पत्र के प्राप्त होते ही पिड़ित परिवार में हडकंप मच गया ओर आनन फानन में पूरे मामले की जानकारी पुलिस कप्तान पुष्कर शर्मा को मोबाईल के माध्यम से दिया।

वही देर शाम को पुलिस की टीम इस पर्चा ओर पर्चा फेकने वालो की तलाश मे आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज का तलाश करने में जुट गई। साथ ही इस पर्चा में लिखा हुआ धमकी भरा संदेश का हेंडराईटिंग को लेकर भी खोजबीन प्रारंभ कर दिया है। वही इस प्रकार के दहशत भरा धमकी से फिर एक बार सारंगढ़ में पुलिस के कानून और व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गये है।

### इंस्टाग्राम में भी दी थी जान से मारने की धमकी

इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को अभिषेक केशरवानी को चाकूमार हत्या हुई थी। इस मामले मे आरोपी निखिल बरेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन एक आरोपी के अलावा और भी उनके सहयोगी रहने के आशंका को लेकर पिडित परिवार जांच की मांग कर रहा है। इस बीच 16-17 अप्रैल की रात को ईस्टाग्राम में मैसेज भेजकर पिड़ित केशरवानी परिवार को जान से मारने की धमकी दिया गया था। जिसकी शिकायत 17 अप्रैल को सिटी कोतवाली थाना सारंगढ़ में किया गया था जिस पर अज्ञात आरोपी पर भादवि 507 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। किन्तु फिर आज पर्चा फेक कर जान से मारने की धमकी देना पुलिस की कार्यप्रणाली पर ऊंगली उठा रहा है। आचार संहिता के बीच पुलिस की चुस्ती के बीच असामाजिक तत्वो के बुलंद हौसले से ज्ञात हो रहा है कि सारंगढ़ में पुलिस का डर खत्म हो गया है।

# सीएम के भाषण को एडिट कर किया वायरल, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के थाना तमनार अंतर्गत सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के वीडियो मे छेड़छाड़ कर दुष्प्रचार करने के विरूद्ध भाजपा तमनार मण्डल अध्यक्ष एवं दर्जनों कार्यकर्ता द्वारा एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी तमनार को आवेदन दिया गया है। तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर टीम द्वारा जांच कार्यवाही में जुट में जुट गई है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इस चुनावी प्रचार के दौरान वह अपने भाषण में महतारी वंदन योजना के सम्बंध में यह बोले कि जब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार रहेगा तब तक इस योजना का लाभ लाभार्थीयों को मिलेगा। वायरल वीडियो मे अविनाश सिदार पिता सालिकराम सिदार, दिलीप भगत पिता चंदन सिंह भगत निवासी ग्राम कोड़केल व चन्द्रहास साहू निवासी पड़िगांव तहण थाना तमनार जिला रायगढ़ छग के द्वारा छेड़छाड़ करते हुए यह दर्शाया गया है कि सिर्फ चुनाव तक लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उसके बाद इस योजना का लाभ नही मिलेगा और इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। इस योजना के संबंध में भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। जिसके विरूद्ध भारतीय जनता पार्टी मंडल तमनार के कार्यकर्ता बहुत ही आक्रोशित है। व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई करने आवदेन दी गई है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष जतिन्द्र कुमार साव, महामंत्री राजेश बेहरा, स्वरूप पटनायक, दयानन्द पटनायक, दीपक पटनायक, सुरेश सिदार, रमेश पटेल, राजा बोहिदार, रवि सागर सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# ब्राह्मण सेवा समिति ने शुरू की परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय वीरभान द्वारा तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मारवाड़ी महिला समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा विजय शर्मा के द्वारा श्री भगवान परशुराम की जीवनी पर बहुत ही पारंपरिक तरीके से प्रकाश डाला गया।

जिससे आने वाली भावी पीढ़ी अपनी परंपराओं को समझ सके और साथ ही उन्होंने सफल मंच का संचालन कर कार्यक्रम में समा बांधा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। जिसमें बालक बालिकाओं व महिलाओं पुरुषों ने सभी ने आनंद उठाया एवं बढ़ चढक़र हिस्सा भी लिया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, रंगोली बनाओ फूल फल से प्रतियोगिता एवं व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्याओं में महिलाएं व बालिकाएं विजयी रहीं साथ ही सास. बहू, देवरानी जेठानी, नंद. भाभी, मां. बेटी, बहन. बहन, डांस प्रतियोगिता भी संपन्न हुई जिसमें सभी ने अपनी जोड़ी के अनुसार भाग लिया एवं विजय हुए साथ ही मिस शर्मा व मिस्टर शर्मा प्रतियोगिता ने भी सभी का मनमोहा और सभी प्रतियोगियों को उनके अनुसार टाइटल देकर विजय घोषित किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सब की खुशियां देखते ही बन रही थी। सभी ब्राह्मण सेवा समिति की टीम को एवं अध्यक्ष को दिल से आशीर्वाद दे रहे थे, कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती बबीता शर्मा व उनके सभी पदाधिकारीगण एवं समाज के सभी सदस्यों की भूमिका रही। इसी तरह रमेश शर्मा, मुकेश शर्मा, ब्राह्मण सेवा समिति के संरक्षण राजेश भारद्वाज विजय बद्री धाम सुरेंद्र परमहंस संतोष शर्मा लियोन आईपी शर्मा चिमनलाल शर्मा समिति के सचिव प्रवीण शर्मा उपाध्यक्ष अमित मोंटी शर्मा अजय शर्मा अरविंद शर्मा दीपक शर्मा अमित पंडित सुनील दत्त शर्मा अशोक शर्मा राहुल शर्मा विनोद शर्मा मुरली शर्मा आशीष शर्मा विजय दुबे आदि का योगदान रहा।




**रंगारंग हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम**

महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती बबीता शर्मा व सचिव श्रीमती रमा शर्मा ने कहा कि विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें समाज की महिला बच्चे और पूर्व पदाधिकारी एवं बुजुर्ग महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रोग्राम को सफल बनाए। समाज के अध्यक्ष विजय वीरभान एवं उनके टीम ने महिला समिति कार्यक्रम का भरपूर सकारात्मक सहयोग किया। वहीं कोषाध्यक्ष पिंकी शर्माए संतोष शर्मा जी ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी से निभाया उपाध्यक्ष सुनीता शर्माए मीरा शर्मा जी श्वेता शर्मा जी ने अपना कार्य बहुत ही सुचारू रूप से सम्हाला।

# अयोध्या जा रहे हैं तो सावधान, मानस भवन की फर्जी वेबसाइट बनाकर हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आप अयोध्या जा रहे हैं और ऑनलाइन कमरे, गाड़ी या अन्य कोई बुकिंग करवा रहे हैं तो सावधान हो जाएं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद साइबर जालसाजों की सक्रियता बढ़ गई है।

चक्रधर नगर निवासी मोहनलाल ने बताया कि परिवार के लोग 15 मई को अयोध्या जाएंगे। शनिवार को बेटे के परिचित ने बुकिंग के लिए गूगल पर उपलब्ध मानस भवन के मोबाइल नंबर दिए। बेटे ने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया और दो कमरे बुक करने के लिए कहा। मोबाइल रिसीव करने वाले ने खुद को मानस भवन का प्रतिनिधि बताते हुए कमरे बुक हो जाने का आश्वासन दिया। फिर कहा कि बुकिंग कंफर्म करने के लिए ऑनलाइन पेमेंट कर दें। इसके लिए मानस भवन के अकाउंट में ऑनलाइन पेमेंट के लिए स्कैनर वाट्सएप कर रहा है। पीड़ित ने स्कैनर पर दो कमरे बुक करवाने के लिए 3500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। तभी बुकिंग करने वाले ने कहा कि आपने एक साथ दो कमरे बुक करवाने के लिए पेमेंट क्यों किया। आपकी बुकिंग अटक गई है। अब आप अलग.अलग कमरे का अलग.अलग पेमेंट करवाएं। पीड़ित ने एक कमरे की बुकिंग के लिए रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जालसाज बोला कि वह एक लिंक भेज रहा है, उस पर पेमेंट करें, तभी पीड़ित माथा ठनका और उसे अहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है। पीड़ित ने अयोध्या में परिचित से संपर्क कर मानस भवन के सही नंबर लेकर संपर्क किया। पीड़ित ने कहा कि मानस भवन वालों ने उसे बताया कि बड़ी संखया में जालसाज सक्रिय हो गए हैं। कई लोगों से इस तरह की ठगी कर चुके हैं।

■ ठगी के लिए दे रखे हैं खुद के मोबाइल नंबर

### अक्षय तृतीया 10 को, इस बार विवाह का अबूझ मूहूर्त नहीं

**रायगढ़।** अक्षय तृतीया जिसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, 10 मई को मनाया जाएगा। इस दिन शादियों के मुहूर्त भरपूर होते हैं, लेकिन इस बार गुरु और शुक्र अस्त होने विवाह मुहूर्त नहीं हैए लेकिन कई शुभ योग बन रहे हैं जो आपको जीवन में सफलता दिलाएंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि शुक्र ग्रह को प्रेमए सौंदर्य और समृद्धि का कारक माना जाता है। इसका अस्त होना विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। शुक्र अस्त के कारण इस वर्ष अक्षय तृतीया पर विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं हैं।

**जुलाई माह में विवाह के सात मुहूर्त-** जुलाई माह में 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 को विवाह के मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद 17 जुलाई से 12 नवंबर तक भगवान विष्णु शयन मुद्रा में रहने से चतुर्मास देवशयन काल होगा।

**पांच योग इन राशि के जातकों को पहुंचाएंगे लाभ-** गजकेसरी योग, इस योग के असर से वृषभ, सिंह और कन्या राशि वालों के लिए धन, समृद्धि और सफलता में वृद्धि होगा। जीवन में खुशियां आएंगी।

# सरसींवा पुलिस के हत्थे चढ़ा ठगबाज शिवा का सहयोगी, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रातो रात करोड़पति बनाने का सपना दिखाकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले सरसींवा के ठगबाज शिवा साहू के साथी संजय साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कथाना सरसीवां के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल गिरुफ्तार आरोपी. संजय साहू पिता मंगलू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी सरसीवां थाना सरसीवां सौरभ अग्रवाल पिता अनिलकुमार अग्रवाल उम्र 28 वर्ष निवासी सक्ती वार्ड नंबर 06 थाना सक्ती जिला सक्ती छग के लिखित रिपोर्ट पर थाना सरसीवां में धारा. 420, 406, 409, 120बी भादवि, 6, 10 पीडीआई एक्ट के मामले में 03 आरोपी को गिरुफ्तार कर भेजा गया है एवं मामले में अन्य फरार आरोपी की पतासाजी कर विवेचना की जा रही थी विवेचना दौरान मुखबीर सूचना पर संजय साहू पिता मंगलू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी सरसीवां थाना सरसीवां को रायपुर से हिरासत में लेकर विधिवत लोगों के लिए गए पैसा से क्रय किया गया एक्सेल सिक्स कार तीन महंगे मोबाइल दो एप्पल एक आईमी कंपनी को जब्त एवं गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त मामले के आरोपी को धरपकड एवं विवेचना कार्यवाही निरीक्षक कामिल हक, थाना प्रभारी टीकाराम खटकर, साइबर प्रभारी बिक्कू सिंह ठाकुर एवं थाना टीम की विशेष योगदान रहा।



## अभी दो से तीन दिनों तक यही स्थिति रहने की संभावना

# यात्री बसों की चुनाव में लगी ड्यूटी, हलाकान हुए यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव को लेकर विगत सप्ताहभर पहले से ही बसों का अधिग्रहण हो गया था इसके बाद भी चल रही थी, लेकिन मंगलवार को चुनाव होने के कारण रविवार सुबह से ही बसे चुनाव कर्मचारियों को पहुंचाने के लिए चली गई। जिससे सफर करने वाले यात्रियों को इन तपती गर्मी में बस के इंतजार में सुबह से शाम तक बैठना पड़ रहा है। हालांकि यही स्थिति अभी दो दिनों तक रहने की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि चुनाव के लिए जिले भर से करीब 360 बसें व 296 एलएमबी वाहन को अधिग्रहण किया गया है। जो रविवार सुबह से ही बसें स्टैंड में नहीं आ रही है। ऐसे में इन दिनों सफर करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सोमवार को सुबह से ही केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड व ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड में यात्रियों की भीड़ लगी थी। इस दौरान जिले में पड़ रही तपती गर्मी व उमस के चलते महिला व बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस संबंध में केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के एजेंटों ने बताया कि इक्का दुक्का छोडकऱ सभी बसें अधिग्रहित है, वहीं जो बसें बची हुई है वह लोकल में चल रही है। ऐसे में लोकल यात्री तो जैसे जैसे करके अपने गंतब्य तक पहुंच रहे है, लेकिन लंबी दूरी के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं सोमवार को केवड़ाबाड़ी स्टैंड में जैसे ही बस पहुंच रही थी, लोग चढऩे के लिए दौड़ जा रहे थे, जिससे कुछ लोगों को जगह मिल रही थी तो कुछ लोगों को वापस होना पड़ रहा है, जिससे उसे पीछे आने वाली बसों का इंतजार कराना मजबूरी हो गया था। साथ ही बताया जा रहा है कि अभी दो से तीन दिनों तक यही स्थिति रहने की संभावना है। जिसके चलते कई यात्री तो एकत्र होकर छोटी गाड़ी बुक कर अपने गंतब्य तक जाने को मजबूर थे।



### गर्मी व उमस से बढ़ी दिक्कत

गौरतलब हो कि सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री पहुंच गया था, साथ ही सुबह से ही लू भी शुरू हो गया था। ऐसे में केवड़ाबाड़ी बस स्टेंड के अंदर यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण यहां गर्मी और बढ़ गई थी, जिसके चलते बच्चे व बुजुर्ग लोग बेहाल नजर आए। साथ ही यात्रियों का कहना था कि इस बस स्टैंड में गर्मी से राहत दिलाने कोई व्यवस्था नहीं हैए साथ ही कुछ पंखे चल भी रहे हैं तो उसका भी हवा झुलसा रहा हैए जिससे काफी दिक्कत हो रही है।

